## भर्ती विज्ञप्ति
## हवलदार (सर्वेक्षक स्वचालित मानचित्रकार) सत्र 2019

1. सेना में हवलदार (सर्वेक्षक स्वचालित मानचित्रकार) के पद पर भर्ती हेतु योग्य पुरूष अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। कुल रिक्तियों की संख्या 20 (बीस) है।

2. **पात्रता**.

(क) **आयु सीमा**.

(i) **सिविलियन अभ्यर्थी** : **01 अक्टूबर 2018** को 20 वर्ष से कम तथा 25 वर्ष से अधिक आयु नहीं होनी चाहिए। (अर्थात अभ्यर्थियों का जन्म 01 अक्टूबर 1993 से 30 सितम्बर 1998 के बीच हुआ हो।)

(ii) **सेवारत सैनिकों का रिमस्ट्रेशन** : **01 अक्टूबर 2018** को 28 वर्ष से अधिक आयु नहीं होनी चाहिए। (अर्थात अभ्यर्थियों का जन्म 01 अक्टूबर 1990 से पहले का नहीं होना चाहिए।)

(ख) **शैक्षिक योग्यता** : नियुक्ति के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता BA/ B Sc गणित विषय के साथ तथा 12 वीं (10+2) या समकक्ष परीक्षा भौतिकी, रसायन शास्त्र और गणित मुख्य विषयों के साथ किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड / विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए।सेवारत सैनिक और सिविल अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता एक समान होगी।

3. **चिकित्सा मापदण्ड**:

(क) उम्मीदवार को शारीरिक व मानसिक रुप से पूरी तरह स्वस्थ होना चाहिए, छाती पूर्णतः विकसित जिसका फैलाव कम से कम 5 से. मी. होना चाहिए। दोनों कानों से सही सुनाई देना चाहिए। मसूड़े व दॅात स्वस्थ व 14 दंत प्वाइंट होने चाहिए। उम्मीदवार की हड्डियों का टेढापन, हाइड्रोसील, वेरिकाज वेंस और बवासीर इत्यादि कोई बीमारी नहीं होनी चाहिए।

(ख) सेवारत सैनिकों का रिमस्ट्रेशन के लिए चिकित्सा श्रेणी SHAPE - 1 होना अनिवार्य है। उन्हे भर्ती रैली के समय चिकित्सा जांच कराने की आवश्यकता नहीं है। सैनिक अभ्यर्थी द्वारा पद स्थापना की जगह पर सेना चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी सेना चिकित्सा प्रमाण पत्र देना होगा जिसे यूनिट कमान अधिकारी से अनुमोदित कराना होगा।

4. **शारीरिक मापदण्ड**. न्यूनतम शारीरिक मापदण्ड देश के अलग अलग क्षेत्रों के आधार पर निम्न लिखित होंगे। (विस्तृत विवरण निकटतम मुख्यालय भर्ती कार्यालय / सेना भर्ती कार्यालय / स्वतंत्र भर्ती कार्यालय दिल्ली छावनी से प्राप्त किया जा सकता है।)

| क्रमांक | क्षेत्र | लम्बाई (सेण्टीमीटर में) | वजन (किलोग्राम में) | छाती की चौड़ाई (सेन्टीमीटर में) |
|---|---|---|---|---|
| (क) | पश्चिमी हिमालय क्षेत्र | 163 | 48 | 77 |
| (ख) | पूर्वी हिमालय क्षेत्र | 160 | 48 | 77 |
| (ग) | पश्चिमी मैदानी क्षेत्र | 170 | 50 | 77 |
| (घ) | पूर्वी मैदानी क्षेत्र | 169 | 50 | 77 |
| (ड़) | मध्य मैदानी क्षेत्र | 168 | 50 | 77 |
| (च) | दक्षिणी मैदानी क्षेत्र | 166 | 50 | 77 |
| (छ) | मिनिकॉय सहित लक्षद्वीप समूह तथा अण्डमान एवं निकोबार द्वीप | | | |
| | (i) वहॉ बसने वाले (उपनिवेशी) | 165 | 50 | 77 |
| | (ii) स्थानीय | 155 | 50 | 77 |

5. **शारीरिक योग्यता परीक्षा**. शारीरिक योग्यता परीक्षा निम्नलिखित सारणी के अनुसार लागू हैं:-

| | | |
|---|---|---|
| (क) | 1.6 कि. मी. दौड़ | अधिकतम 5.45 मिनट |
| (ख) | पुल अप (बीम) | कम से कम 6 पुल अप |
| (ग) | बैलेंस | उत्तीर्ण (qualify) |
| (घ) | 9 फुट की खाई लांघना | उत्तीर्ण (qualify) |
| **टिप्पणी :** 1.6 कि. मी दौड के लिए पहाडी क्षेत्रों में अतिरिक्त समय के लिए प्रावधान :- <br>(i) 5000 फीट से 9000 फीट के बीच 30 सेकेण्ड अधिक <br>(ii) 9000 फीट से 12000 फीट के बीच 120 सेकेण्ड अधिक | | |

6. **अनुवीक्षण (स्क्रीनिंग)**. योग्य अभ्यर्थियों को प्रारम्भिक अनुवीक्षण हेतु प्रवेश पत्र दिया जाएगा। सम्बंधित मुख्यालय भर्ती कार्यालय द्वारा अभ्यर्थी के मूल प्रमाण पत्रों की जॉंच, शारीरिक परीक्षा तथा चिकित्सा जॉंच की जाएगी।

7. **लिखित परीक्षा**: केवल स्क्रीनिंग में चुने गए उम्मीदवार ही लिखित परीक्षा में सम्बंधित मुख्यालय भर्ती कार्यालय / सेना भर्ती कार्यालय / स्वतंत्र भर्ती कार्यालय दिल्ली छावनी में 24 फरवरी 2019 को उपस्थित होंगे । लिखित परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर आधारित दो प्रश्न पत्र होंगे जो निम्नलिखित हैं ।

| प्रश्न पत्र / भाग | उत्तीर्णांक/ अधिकतम अंक | कुल प्रश्न | अंक प्रति प्रश्न | प्रत्येक गलत उत्तर के लिए नेगेटिव अंक |
|---|---|---|---|---|
| प्रश्न पत्र -1 (गणित) | 40/100 | 50 | 02 | - 0.5 |
| प्रश्न पत्र- 2 (भौतिक शास्त्र एवं रसायन विज्ञान) | 40/100 | 50 | 02 | - 0.5 |
| **टिप्पणी**: उम्मीदवार को पास होने के लिए प्रथम और द्वितीय प्रश्नपत्र में भी न्यूनतम 40 अंक प्राप्त करने होंगे। वर्तमान में सेवारत/भूतपूर्व सैनिक/युद्ध विधवा/ विधवा के पुत्रों तथा खिलाडी/एन. सी. सी/ कम्प्यूटर सर्टिफिकेट प्राप्त अभ्यार्थियों को कोई भी **बोनस अंक** नहीं दिया जायगा । | | | | |

8. लिखित परीक्षा का अंतिम परिणाम और सफल उम्मीदवारों की वरीयता सूची भर्ती निदेशालय की वेबसाईट www.joinindianarmy.nic.in पर मुख्यालय जोनल भर्ती कार्यालय, अम्बाला के द्वारा प्रकाशित की जायेगी। अभ्यर्थी का अंतिम रूप से चयन वरीयता सूची के अनुसार किया जायेगा ।

9. **भर्ती की शर्तें**: चयनित अभ्यर्थियों को 19 सप्ताह का बेसिक मिलिट्री प्रशिक्षण बंगाल इंजीनीनियरिंग ग्रुप एवम केंद्र रूढकी में दिया जायेगा। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद अभ्यर्थी को वर्तमान में लागू सेवा की शर्तों के अनुसार हवलदार (सर्वेक्षक स्वचालित मानचित्रकार) के पद पर भर्ती किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी को अस्वीकृत किया जा सकता है।

10. **आवेदन कैसे करें:-**

(क) सभी मुख्यालय भर्ती कार्यालय और स्वतंत्र भर्ती कार्यालय दिल्ली छावनी में भर्ती की जायेगी।

(ख) **सिविल अभ्यर्थी** केवल अपने मूल निवास से नजदीक स्थित मुख्यालय भर्ती कार्यालय या स्वतंत्र भर्ती कार्यालय दिल्ली छावनी में ही अणुवीक्षण और लिखित परीक्षा के लिए उपस्थित हो सकते हैं ।

(ग) **सेवारत सैनिक अभ्यर्थी** केवल वर्तमान पदस्थापना के स्थान से निकटतम सम्बंधित मुख्यालय भर्ती कार्यालय या स्वतंत्र भर्ती कार्यालय (दिल्ली छावनी) में शामिल होंगे ।

(घ) **आवेदन पत्रों को भेजना**:

(i) **सिविल अभ्यर्थी** : आवेदन पत्र वेबसाईट www.joinindianarmy.nic.in पर केवल ऑन लाइन स्वीकार किए जाएंगे (ऑन लाइन आवेदन पत्र के लिए नीचे निर्देश दिए गए हैं।) (विस्तृत विवरण "ऑनलाइन आवेदन के लिए निर्देश "में देखें )

(ii) **सेवारत सैनिक अभ्यर्थी** : आवेदन पत्र केवल कार्यालय प्रणाली द्वारा ही स्वीकृत किया जाएगा ।( विस्तृत विवरण **सेवारत सैनिकों के लिए निर्देश** में देखें )

(ङ) ऊपर दी गयी सभी शर्तें व नियम, रिक्तियां और भर्ती प्रक्रिया में समय - समय पर बदलाव हो सकता है।**केवल पुरुष अभ्यर्थी** ही आवेदन पत्र भेज सकते हैं।

(च) स्वीकृत विश्वविद्यालयों के सूची की जॉच UGC/AICTE कार्यालय की वेबसाइट अथवा निकटतम मुख्यालय भर्ती कार्यालय/सेना भर्ती कार्यालय/स्वतंत्र भर्ती कार्यालय दिली छावनी द्वारा की जायेगी।

(छ) यदि कोई उम्मीदवार किसी संस्था मे नौकरी कर रहा है और उसे चयनित किया गया है, तो उसे उस संस्था से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र (No Objection Certificate) सम्बंधित मुख्यालय भर्ती कार्यालय में जमा करना होगा ।

(ज) **अनुवीक्षण** के समय अभ्यर्थी को निम्नलिखित मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे:

(i) गॉव सरपंच या राज्य सरकार के अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र।

(ii) मूल निवास/ आवास/ राष्ट्रीयता प्रमाण पत्र (राज्य सरकार के अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी।

(iii) हाई स्कूल से बाद के सभी मूल प्रमाण पत्रों और प्रत्येक शैक्षिक योग्यता से सम्बंधित प्रत्येक वर्ष की अंक तालिकाएँ ।

(iv) एन सी सी प्रमाण पत्र यदि लागू है।

(v) सेवारत/पूर्व सैनिक के पुत्र, युद्ध विधवा /विधवा के पुत्र का प्रमाण पत्र (अभिलेख कार्यालय द्वारा निर्गत) यदि लागू हो ।

(झ) शरीर में बने पक्के टैटू (गोदना) केवल बांह की कलाई के अन्दर के भाग में यानि कोहनी से कलाई के अन्दर के भाग या हथेली के पीछे / हाथ की हथेली के पीछे के भाग में ही मान्य हैं, शरीर के किसी अन्य भाग मे पक्के टैटू मान्य नहीं हैं । ऐसा होने पर उसे चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा । जातियों की परम्परा के अनुसार उनके चेहरे या शरीर पर बने टैटू अलग-अलग मामले के अनुसार मान्य होंगे।

(ट) शारीरिक क्षमता जाँच में पास होने के लिए, शारीरिक क्षमता को बढ़ाने वाली दवाइयों का सेवन न करें। इससे बेहतर होगा कि तैयारी करके जाँच में पास हों।

(ठ) **दलालों और एजेंटों की इसमें कोई भूमिका नहीं है । अतः अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है की उनके कुचक्र में न फंसें।**

(ड) सामान्य प्रवेश परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन और अनुचित साधनों का प्रयोग ना करें।

(ढ) उम्मीदवार को शारीरिक क्षमता जाँच (PFT) में भाग लेने के पहले उसे अपनी पूर्व चिकित्सा जाँच स्वयं करानी होगी। किसी भी प्रकार के हादसे के लिए भर्ती कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

## <u>ऑन लाइन आवेदन के लिए निर्देशः हवलदार (सर्वेक्षक स्वचालित मानचित्रकार) के उम्मीदवारों के लिए</u>

1. हवलदार (सर्वेक्षक स्वचालित मानचित्रकार) श्रेणी के लिए ऑन लाइन पंजीकरण और ऑन लाइन आवेदन हमारी वेबसाइट www.joinidianarmy.nic.in पर मौजूद है।

2. **<u>ऑन लाइन पंजीकरण</u>**. अभ्यर्थी अपनी "पात्रता जाँच " www.joinidianarmy.nic.in पर click करके कर सकते हैं और भारतीय सेना में पसंदीदा/ उपयुक्त कैरियर विकल्प के लिए ऑन लाइन आवेदन कर सकते हैं। " ऑन लाइन आवेदन " के लिए अभ्यर्थियों के पास निम्नलिखित दस्तावेज होने चाहिए।

(क) मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र सहित शैक्षणिक प्रमाण पत्र।

(ख) व्यक्तिगत विवरण जिसमें पिन कोड के साथ स्थायी पता भी दें।

(ग) सत्यापन / अधिवास प्रमाण पत्र।

(घ) अपना वैध निजी ई.मेल बनायें।

(ड़) अपना व्यक्तिगत मोबाइल नम्बर भी दें।

3. **<u>ऑन लाइन आवेदन की प्रकिया</u>**. ऑन लाइन पंजीकरण के लिए वेबसाइट www.joinidianarmy.nic.in खोलें और निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाएः-

(क) जे सी ओ/ ओ आर नामांकन पंक्ति (हरा रंग) मे होम पेज पर apply login पर क्लिक करें।

(ख) ऑन लाइन पंजीकरण फार्म भरें। जैसे जैसे आप हर फील्ड को हाइलाइट करते हैं वैसे ही फील्ड भरने हेतु सहायता के लिए संकेत दिए होते हैं।

(ग) अपना विवरण भरने के बाद आपका प्रोफाइल खुल जायेगा ।

(घ) Apply online पर क्लिक करें। आपकी पात्रता के अनुसार caption दिखाई देगा। आवेदन करने के लिए बटन पर क्लिक करें और पंजीकरण के दौरान पहले भरे विवरण के अनुसार विवरण सामने दिखेंगे। प्रत्येक टैब पर बाकी विवरण जैसे सम्पर्क पता और शैक्षणिक योग्यता सम्बंधी विवरण भरें।

(ड़) फार्म भरने के बाद preview पर क्लिक करें और देखें कि क्या आपके द्वारा भरी गयी सूचनाएँ सही हैं क्योंकि एक बार save करने के बाद कोई संशोधन नहीं कर पायेंगे।

(च) अभ्यर्थी ई.मेल आई डी और पासवर्ड का इस्तेमाल करके लॉग - इन कर सकते हैं और भरे गये विवरणों का प्रिंट आउट ले सकते हैं।

(छ) आवेदन पंजीकरण के अंतिम दिन योग्य उम्मीदवारों को वेबसाइट पर रोल नम्बर जारी किया जायेगा ।

(ज) उम्मीदवार को सलाह दी जाती है कि सेना वेबसाइट www.joinidianarmy.nic.in पर अपना प्रोफाइल देखकर रोल नम्बर प्राप्त करें ।

(झ) भर्ती रैली कार्यक्रम के अनुसार प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा ।

(ट) उम्मीदवार को सलाह दी जाती है कि सेना वेबसाइट www.joinidianarmy.nic.in पर अपना प्रोफाइल देखकर प्रवेश पत्र प्राप्त करें ।

(ठ) उम्मीदवार अपने प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट लेकर उसके ऊपर नवीनतम पासपोर्ट फोटो चिपकायें।

4. ऑन लाइन पंजीकरण का अर्थ यह नहीं है कि उम्मीदवार ने भर्ती के लिए सभी मापदण्डों को पूरा कर लिया है।

5. आपके पंजीकरण के बाद जाँच पडताल की जाएगी और किसी भी समय अयोग्य/ अवैध पाए जाने पर उसे निरस्त किया जा सकता है।

6. आवेदन को submit करने से पहले सभी फील्ड की अच्छी तरह से जॉच कर लें और उसे save करें । आवेदन की प्रति का दो प्रिंट आउट लें और रोल नम्बर सिस्टम से आ जायेगा ।

7 कृप्या प्रवेश पत्र का प्रिंट अच्छी गुणवत्ता वाले कागज पर ब्लैक एंड व्हाइट में और न्यूनतम 600 X 600 dpi या उच्च रेजोल्यूशन पर ही निकालें।

8. प्रवेश पत्र एक अनिवार्य दस्तावेज है इसे उम्मीदवार निम्नलिखित दस्तावेजों के मूल एवं छाया प्रति के साथ रैली की निर्धारित तिथि पर अपने साथ अवश्य लेकर आयें ।

(क) गाँव सरपंच या राज्य सरकार के अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी आचरण / चरित्र प्रमाण पत्र ।

(ख) मूल निवास/ आवास/ राष्ट्रीयता प्रमाण पत्र राज्य सरकार के अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी।

(ग) हाई स्कूल से बाद के सभी मूल प्रमाण पत्रों और शैक्षिक योग्यता की प्रत्येक वर्ष की अंक तालिकाएँ ।

(घ) सेवारत/पूर्व सैनिक के पुत्र,युद्ध विधवा /विधवा के पुत्र का प्रमाण पत्र (अभिलेख कार्यालय द्वारा निर्गत) यदि लागू हो ।

9. एक उम्मीदवार केवल एक ही आवेदन करने का पात्र होगा, एक से अधिक आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी ।

**ऑन लाइन पंजीकरण 05 अक्टूबर 2018 समय 1000 बजे खुलेगा ।**

**ऑन लाइन पंजीकरण 03 नवम्बर 2018 समय 1700 बजे बंद होगा ।**

**"दलालों पर धन व्यर्थ न करें।**
**भर्ती प्रक्रिया कम्प्यूटराइज्ड है और दलाल इसमें कुछ नहीं कर पायेंगे ।**
**अपनी मेहनत पर विश्वास करें"।**

**डिस्क्लेमर (घोषणा)**: विज्ञापन में और वेबसाइट पर दी गयी सूचना केवल दिशा निर्देश है। कोई भी संदिग्धता होने की स्थिति में भारतीय सेना / भारत सरकार की मौजूदा नीतियों, नियम और विनियम अंतिम व मान्य होंगे । विवरण वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर भी उपलब्ध है।

**सेवारत सैनिकों के लिए निर्देशः**

1. विज्ञापन के प्रारुप के अनुसार ही आवेदन पत्र भरें तथा उसे कमान अधिकारी द्वारा विधिवत अनुमोदित कराएँ । आवश्यक दस्तावेज संलग्न करें एवं अपने अभिलेख कार्यालय को भेजें जो उन्हें अभ्यर्थी के पदस्थापना के निकटतम **सम्बंधित मुख्यालय भर्ती कार्यालय** को भेजेगा ।बाहरी लिफाफे पर लाल स्याही से "हवलदार (सर्वेक्षक स्वचालित मानचित्रकार) " के लिए आवेदन लिखें।

2. किसी भी समय यदि अभ्यर्थी एक से अधिक मुख्यालय भर्ती कार्यालय से आवेदन करता हुआ पाया गया तो उसका आवेदन रद्द कर दिया जायगा तथा उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी ।

3. आवेदन पत्र दिये गए प्रारूप के अनुसार हस्तलिखित या A 4 कागज पर टाईप कर के सम्बंधित भर्ती कार्यालय को भेजें । सम्बंधित भर्ती कार्यालयों के पते विज्ञप्ति के अंत में दिया गया है।

4. आवेदन पत्र की अग्रिम प्रति को सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ सम्बंधित भर्ती कार्यालय को भेजें ।

5. आवेदन पत्र मे निर्धारित स्थान पर अपना नवीनतम पासपोर्ट साइज का फोटो (बिना धूप के चश्मे मे साथ लिया हुआ) चिपकायें। पोलोराइड कैमरा या कम्प्यूटर से लिया गया फोटो स्वीकार नहीं किया जायेगा । इसके अतिरिक्त एक और पासपोर्ट आकार का सत्यापित फोटो आवेदन के साथ संलग्न करें।

6. आवेदन पत्र के साथ डाक विभाग द्वारा जारी टिकट लगा हुआ एवम अपना पिन कोड सहित वर्तमान पता लिखा हुआ तीन रजिस्ट्री पत्र अवश्य संलग्न करें जिसमें प्राप्ती पत्र/बुलावा सूचना पत्र/निरस्त पत्र को प्रेषित किया जा सके ।

7. जिस उम्मीदवार का आवेदन पत्र पहले अस्वीकार किया जा चुका है लेकिन यदि वह भर्ती के लिए योग्य है और आयु सीमा के अंतर्गत आता है तो वह दुबारा आवेदन कर सकता है।

8. अपूर्ण आवेदन पत्र को रद्द कर दिया जाएगा।

**आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीखः 18 नवम्बर 2018**

**"दलालों पर धन व्यर्थ न करें।**
**भर्ती प्रक्रिया कम्प्यूटराइज्ड है और दलाल इसमें कुछ नहीं कर पायेंगे ।**
**अपनी मेहनत पर विश्वास करें"।**

## मुख्यालय भर्ती कार्यालयों के पते

| क्रम संख्या | पता | राज्य, केन्द्र शासित प्रदेश तथा जिला |
|---|---|---|
| (क) | मुख्यालय भर्ती कार्यालय, अम्बाला<br>चन्द्रशेखर मार्ग,अम्बाला छावनी-133001 | हरियाणा (गुड़गाँव, फरीदाबाद, पलवल और मेवात को छोडकर) चंडीगढ और हिमाचल प्रदेश के लिए |
| (ख) | मुख्यालय भर्ती कार्यालय, बंगलोर<br>148, फील्ड मार्शल के एम करियप्पा मार्ग<br>बंगलौर - 560025 | कर्नाटक, केरल और लक्षद्वीप के लिए |
| (ग) | मुख्यालय भर्ती कार्यालय, चेन्नई<br>फोर्ट सेंट जार्ज,चैन्नई -600009 | तमिलनाडु, आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना, पांडिचेरी और अण्डमान निकोबार के लिए |
| (घ) | मुख्यालय भर्ती कार्यालय, दानापुर<br>दानापुर छावनी - 801503 | बिहार और झारखंड के लिए |
| (ड़) | स्वतंत्र भर्ती कार्यालय, दिल्ली कैंट<br>दिल्ली कैंट - 110010 | दिल्ली, गुड़गाँव, फरीदाबाद, पलवल और मेवात के लिए |
| (च) | मुख्यालय भर्ती कार्यालय, जबलपुर<br>टी-23, रिज रोड, जबलपुर - 482001 | मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के लिए |
| (छ) | मुख्यालय भर्ती कार्यालय, जयपुर<br>शास्त्री नगर, पोस्ट बाक्स नं. - 35<br>जयपुर (राजस्थान) - 302016 | राजस्थान के लिए |
| (ज) | मुख्यालय भर्ती कार्यालय, जालंधर<br>जालंधर छावनी - 144005 | पंजाब और जम्मू कश्मीर के लिए |
| (झ) | मुख्यालय भर्ती कार्यालय, कोलकाता<br>1-गोखले मार्ग, कोलकाता -700020 | पश्चिम बंगाल, सिक्किम और उड़ीसा के लिए |
| (ट) | मुख्यालय भर्ती कार्यालय, लखनऊ<br>236, महात्मा गॉधी रोड,<br>लखनऊ छावनी, पिन - 226002 | उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड के लिए |
| (ठ) | मुख्यालय भर्ती कार्यालय, पुणे<br>नं. 3, राजेन्द्र सिंह जी मार्ग, पुणे - 410001 | महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, दादर एव नगर हवेली और दमन एवं दीव के लिए |
| (ड) | मुख्यालय भर्ती कार्यालय, शिलांग<br>शिलांग - 793001 | असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड और त्रिपुरा |

**केवल रिमस्ट्रेशन (REMUSTERATION) उम्मीदवारों सेवारत सैनिकों के लिए**
**आवेदन पत्र का प्रारूप हवलदार (सर्वेक्षक स्वचालित मानचित्रकार) पद के लिए**

रोल नं0 ________________ (भर्ती कार्यालय द्वारा भरा जायेगा।)

**भाग : I व्यक्तिगत जानकारी**

3.5 से.मी. X 4.5 से.मी. आकार का पासपोर्ट फोटो चिपकाएं

1. पूरा नाम (बड़े अक्षरों मे) .........................
(कृप्या पूरा नाम लिखें)

2. पिता का नाम (बड़े अक्षरों मे) .........................

3. **घर का स्थायी पता :-**
गाँव/ कॉलोनी / मोहल्ला .........................
डाकघर ......................... तहसील/ ताल्लुका .........................
जिला ......................... पिन .........................
राज्य ......................... दूरभाष न0 (एस टी डी कोड के साथ).........................

4. **वर्तमान पता :-**
गाँव/ कॉलोनी / मोहल्ला .........................
डाकघर ......................... तहसील/ ताल्लुका .........................
जिला ......................... पिन .........................
राज्य ......................... दूरभाष न0 (एस टी डी कोड के साथ).........................
ई-मेल ......................... मोबाइल न0 ........................

5. वर्तमान यूनिट का पताः
.........................
........................
--------------------------------

6. जाति/ जनजाति ...................धर्म ........................
राष्ट्रीयता .........................मातृभाषा ........................

7 जन्म तिथि ........................
(मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

8. वैवाहिक स्थितिः विवाहित / अविवाहित (यदि विवाहित है तो मजिस्ट्रेट द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र संलग्न करें कि आपकी केवल एक ही पत्नी है।)

9. अन्य उत्कृष्ट वरीयताएॅ ( खेलकूद / शिक्षा )

(क) ........................ (ख) ........................ (ग) ........................

10 सेना में भर्ती की तारीखः ____________________

11. वर्तमान ट्रेड/वर्ग :________________________

12. वर्तमान चिकित्सा श्रेणीः____________________

13. पूर्व/वर्तमान सेवा (वर्तमान यूनिट से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र (No objection certificate) संलग्न करें)

| **क्रमांक** | **कार्यालय का नाम (पूरा पता टेलीफोन न0 के साथ )** | **पद** | **अवधि** | **टिप्पणी** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

**भाग : II योग्यता**

14. **शैक्षणिक योग्यता** :-

| **क्रमांक** | **उत्तीर्ण परीक्षा** | **विषय** | **वर्ष** | **जिस संस्था से पढ़ाई की हो** | **बोर्ड / विश्वविद्यालय** | **श्रेणी प्राप्तांक प्रतिशत** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |

15. **भाषा** :-

| **क्रमांक** | **भाषा** | **उत्तीर्ण परीक्षा** | **निपुणता (पढ़ना, लिखना, बोलना)** | **टिप्पणी** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

**भाग : III घोषणा पत्र**

16. मै प्रमाणित करता हूँ कि:-

(क) मै हवलदार (सर्वेक्षक स्वचालित मानचित्रकार) पद के लिए आवेदन कर रहा हूँ ।

(ख) उपरोक्त सूचना मेरी पूर्ण जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है यदि कोई सूचना गलत/ झूठी / अपूर्ण पाई जाती है तो मुझे अयोग्य घोषित करने पर मैं जिम्मेदार माना जाऊंगा ।

(ग) मैं अच्छी तरह से जानता हूँ कि भर्ती निःशुल्क है और किसी भी एजेंसी को धन देने की आवश्यकता नहीं है यदि किसी समय यह पता चलता है कि मैंने भर्ती होने के लिए धन दिया है तो मुझे नौकरी के अयोग्य करार / सेवा मुक्त कर दिया जायेगा।

(घ) अनुवीक्षण और भर्ती की प्रक्रिया के दौरान लगी किसी चोट/ निःशक्तता के लिए मैं किसी भी प्रकार से मुआवजे का दावा नहीं करुंगा ।

17. मै घोषणा करता हूँ कि मै निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति संलग्न कर रहा हूँ:-

(क) चरित्र / आचरण प्रमाण पत्र

(ख) हाईस्कूल प्रमाण पत्र

(ग) 10+2 प्रमाण पत्र

(घ) स्नातक प्रमाण पत्र

(ङ) अंक तालिकाओ की छायाप्रति

(i) हाईस्कूल प्रमाण पत्र

(ii) 10+2 प्रमाण पत्र

(iii) स्नातक प्रथम , द्वितीय और तृतीय वर्ष

(च) आवासीय प्रमाण पत्र ।

दिनांक : (आवेदक का हस्ताक्षर)

**भाग IV :कमान अधिकारी/ ओ सी के द्वारा अनुमोदन**

18. अनुमोदित/ नहीं अनुमोदित

दिनांक : (यूनिट कमान अधिकारी/ ओ सी के हस्ताक्षर)

**भाग V : अभिलेख कार्यालय के द्वारा भरा जाए**

19. प्रमाणित किया जाता है कि सेनांक :___________ पदः___________

नामः ____________________ यूनिटः____________________ आर्म्स/सर्विसः________________को लाल स्याही से दंडित नहीं किया गया है ।

20. _________________________ को प्रेषित किया जाता है ।
(सम्बंधित मुख्यालय भर्ती कार्यालय/स्वतंत्र भर्ती कार्यालय, दिल्ली छावनी )

दिनांक : (ओ आई सी अभिलेख कार्यालय के हस्ताक्षर)